भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †205

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में पर्यटन विकास

†205. श्री राजा राम सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बिहार के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना की कमियों का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान बिहार में केंद्रीय पर्यटन योजनाओं के अंतर्गत जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार बिहार के रोहतास जिले में पर्यटन के विकास के लिए किसी बड़े कार्यक्रम/योजना पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना तथा सुविधाओं का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय, 'तीर्थस्थल कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत बिहार सहित देश भर में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(ख): बिहार में उक्त योजनाओं के तहत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। हालांकि, बिहार के रोहतास जिले में पर्यटन के विकास के लिए बिहार सरकार द्वारा आज तक कोई भी बड़ा कार्यक्रम प्रस्तुत नहीं किया गया है।

****

अनुबंध

श्री राजा राम सिंह द्वारा बिहार में पर्यटन विकास के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †205 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

बिहार राज्य में 'प्रशाद' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए जारी/प्राधिकृत की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	पटना साहिब में विकास	**29.62**	**29.62**	**29.62**
2.	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	**3.63**	**3.63**	**3.63**
3.	अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास	**13.29**	**0.00**	**0.00**

बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए जारी/प्राधिकृत की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	तीर्थंकर 2016-17	वैशाली-आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चम्पापुरी का विकास	33.96	29.36	29.36
2.	आध्यात्मिक 2016-17	कांवरिया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज - धर्मशाला-देवघर	44.76	42.17	42.17
3.	बौद्ध 2016-17	बौद्ध सर्किट का विकास-बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	95.18	95.18
4.	ग्रामीण 2017-18	भितिहारवा-चंद्राहिया-तुर्कौलिया का विकास	44.27	40.31	40.31
5.	आध्यात्मिक 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	42.32

बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए जारी/ प्राधिकृत की गई राशि**
1.	बोधगया	बौद्ध ध्यान और अनुभव केंद्र, बोधगया का विकास	165.44	16.54

बिहार राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए जारी/ प्राधिकृत की गई राशि**
1.	सारण जिला (सोनपुर मेला) (संस्कृति और विरासत)	सोनपुर मेला स्थल का विकास	24.29	2.43

बिहार राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए जारी/ प्राधिकृत की गई राशि**
1.	सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास	97.61	97.09
2.	करमचट में करमचट इको-टूरिज्म एवं एडवेंचर हब	49.51	

****